**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding train services in Shahdol Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

**श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल):** अध्यक्ष जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है। मेरे क्षेत्र में कोयले की खदानें पर्याप्त मात्रा में संचालित हैं। इस कारण विभिन्न राज्यों के लोग यहां निवासरत हैं। इस क्षेत्र के लिए नागपुर चिकित्सा का मुख्य केंद्र है, जहां मेरे क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में ईलाज के लिए जाते हैं। आवागमन के लिए कोई डायरेक्ट ट्रेन न होने की वजह से लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि कटनी-बिलासपुर मार्ग से होकर नागपुर के लिए एक नई डायरेक्ट एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए और मेरे संसदीय क्षेत्र के मुख्य मार्ग से होकर बिलासपुर, अनुपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर से कनेक्टिविटी के लिए पूर्व में संचालित किसी एक दैनिक ट्रेन का पुन: संचालन आरंभ किया जाए, जिसका संचालन वर्तमान में कोरोना महामारी के कारण बंद है।

**माननीय अध्यक्ष :**

कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को श्रीमती हिमाद्री सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।